बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-172
29/03/2025

मुख्यमंत्री ने बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 29 मार्च, 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होनेवाले सभी परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार मैट्रिक की परीक्षा में कुल 15 लाख 58 हजार 77 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें आज घोषित परीक्षा परिणाम में 12 लाख 79 हजार 294 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। दो छात्रा और एक छात्र संयुक्त रूप से टॉपर बने हैं।

मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मैं सभी सफल छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को भी काफी कम समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार बोर्ड के इतिहास में फास्टेस्ट रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र–छात्राओं को आगे की कक्षा में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

******